# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,नागौर

## पीठासीन अधिकारी–डॉ0 अमित यादव, आई.ए.एस.

**प्रार्थना पत्र प्रकरण संख्या– 24/2024**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर– 2024/29**

| प्रार्थी | अप्रार्थीगण |
| --- | --- |
| एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड बनाम 19–ए झुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड जयपुर 302001 राजस्थान द्वारा प्राधिकृत अधिकारी तेजपाल सिंह राठौड पुत्र देवीसिंह कलस्टर बिजनेस मैनेजर (अधिकृत अधिकारी), एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड 19–ए झुलेश्वर गार्डन अजमेर रोड जयपुर 302001 | 1. होटल शिव शक्ति शुद्ध शाकाहारी भोजनालय द्वारा पुखराज डिडेल, बस स्टेण्ड ग्राम रोल जिला नागौर<br>2. पुखराज पुत्र रामचन्द्र बस स्टेण्ड रोल जिला नागौर दूसरा पता–पुखराज, सम्पति पट्टा संख्या 1 व 2 संकल्प संख्या 2 बुक नम्बर 48 ग्राम रोल जिला नागौर<br>3. विकास डिडेल पुत्र पुखराज डिडेल ग्राम रोल जिला नागौर<br>4. जीवणराम पुत्र हीरालाल, 1219 कुम्हारवाडा रोल जिला नागौर |

**आदेश** दिनांक: 10/01/2024

प्रार्थी की ओर से यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत पेश हुआ, जो दर्ज रजिस्टर किया गया।

वकील प्रार्थी को सुना गया। वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों में यह कथन किया है कि प्रार्थी बैंक ने अप्रार्थी/ ऋणी को **ऋण खाता संख्या L9001060119518281 में रूपये 25,00,000/–(अक्षरे पच्चीस लाख रूपये मात्र)** दिनांक 29.11.2019 को एंव **ऋण खाता संख्या L9001061121270629 में रूपये 4,93,000/–**(अक्षरे चार लाख तेरानवे हजार रूपये मात्र) दिनांक 24.08.2020 का ऋण उपलब्ध करवाया गया। अप्रार्थीगण/ऋणी द्वारा उक्त प्राप्त ऋण की सुविधा के एवज में **सम्पति– सम्पति जो पट्टा संख्या 1 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है– उत्तर में– शंकरलाल पुत्र फूलचंद ईनाणी का बाडा, दक्षिण में–स्वंय की जगह, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में– आम रास्ता व डीडवाना रोड, एंव अन्य सम्पति जो पट्टा संख्या 2 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है–उत्तर में–स्वंय की जगह, दक्षिण में–गोपाराम पुत्र फताराम का बाडा, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में–आम रास्ता व डीडवाना रोड,** जो प्रार्थी बैंक के पास ऋण अदायगी हेतु ऋणी एंव जमानतदार ने आवश्यक दस्तावेज निष्पादित किये।

अप्रार्थीगण/ऋणी ने उपलब्ध ऋण का बैक के नियमानुसार भुगतान नही चुकाया। जिसकी वजह से उक्त खातों को **दिनांक 08.02.2023** को एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया व अप्रार्थी/ऋणी के ऋण खाते में **ऋण खाता संख्या L9001060119518281 में बकाया राशि रूपये 17,01,173/–(अक्षरे सत्तरह लाख एक हजार एक सौ तेहतर रूपये मात्र) दिनांक 07.06.2023 तक**



जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट नागौर (राज.)

एंव दिनांक 08.06.2023 से आगे का ब्याज व खर्चे सहित एंव ऋण खाता संख्या L9001061121270629 में बकाया राशि रूपये 6,46,188/–(अक्षरे छः लाख छियालीस हजार एक सौ अठियासी रूपये मात्र) दिनांक 10.02.2023 तक एंव दिनांक 11.02.2023 से आगे का ब्याज व खर्चे सहित बकाया निकलते हैं।

उक्त ऋण खाते में ऋणी द्वारा नियमानुसार भुगतान नहीं करने पर एन.पी.ए. घोषित होने के बाद एक्ट की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक ने ऋणी/अप्रार्थी को ऋण खाता संख्या L9001060119518281 के लिए दिनांक 07.06.2023 को एंव ऋण खाता संख्या L9001061121270629 के लिए दिनांक 13.02.2023 को रजिस्टर्ड दिये गये परन्तु इसके पश्चात भी अप्रार्थीगण द्वारा ऋण राशि जमा नहीं करवायी गई व न बंधक शुदा सम्पति सम्पूर्ण कब्जा प्रार्थी बैक को दिया गया। ऋणी को उपरोक्त नोटिस के अनुसार 60 दिन के अन्दर–अन्दर ऋण राशि ऋण खाता संख्या L9001060119518281 में बकाया राशि रूपये 17,01,173/–(अक्षरे सत्तरह लाख एक हजार एक सौ तेहतर रूपये मात्र) दिनांक 07.06.2023 तक एंव दिनांक 08.06.2023 से आगे का ब्याज व खर्चे सहित एंव ऋण खाता संख्या L9001061121270629 में बकाया राशि रूपये 6,46,188/–(अक्षरे छः लाख छियालीस हजार एक सौ अठियासी रूपये मात्र) दिनांक 10.02.2023 तक एंव दिनांक 11.02.2023 से आगे का ब्याज व खर्चे सहित को जमा कराना था परन्तु ऋणी/अप्रार्थीगण ने उपरोक्त नोटिस के अनुसार ऋण राशि जमा नहीं करवाई, के कारण एक्ट की धारा 13 (4) के अन्तर्गत कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है।

एक्ट की धारा 14 (1) के अन्तर्गत प्रार्थी बैक को बंधक सम्पति का ऋणी एवं जमानतियों से कब्जा लेने में सहायता आवश्यकता है, के कारण प्रार्थी बैक ने जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष बैक सिक्योरिटीज एवं सिक्योरिटीज से संबंधित डोक्यूमेन्ट का ऋणी/जमानती से कब्जा लेकर प्रार्थी बैक को कब्जा दिलवाने के लिये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

बैक सिक्योरिटीज सम्पति का विवरण :– सम्पति जो पट्टा संख्या 1 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है– उत्तर में– शंकरलाल पुत्र फूलचंद ईनाणी का बाडा, दक्षिण में–स्वंय की जगह, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में– आम रास्ता व डीडवाना रोड, एंव अन्य सम्पति जो पट्टा संख्या 2 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है–उत्तर में–स्वंय की जगह, दक्षिण में–गोपाराम पुत्र फताराम का बाडा, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में–आम रास्ता व डीडवाना रोड, जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, का कब्जा लेना है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर प्रार्थना पत्र में वर्णित सम्पत्ति का कब्जा संबंधित डौक्यूमेन्टस का कब्जा एक्ट की धारा 14 के अनुसार ऋणी/अप्रार्थीगण से प्रार्थी बैक को कब्जा दिलाने का आदेश जारी करने हेतु निवेदन किया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि ऋणी/अप्रार्थीगण ने प्रार्थी बैक से ऋण खाता संख्या L9001060119518281 में रूपये 25,00,000/–(अक्षरे पच्चीस लाख रूपये मात्र) दिनांक 29.11.2019 को एंव ऋण खाता संख्या L9001061121270629 में रूपये 4,93,000/–(अक्षरे चार लाख तेरानवे हजार रूपये मात्र) दिनांक 24.08.2020 प्राप्त की थी। उक्त ऋण के बदले में इकरारनामा व उससे संबंधित दस्तावेज तैयार कर



जिला मजिस्ट्रेट
नागौर

अपने हस्ताक्षर से प्रार्थी बैक के पक्ष में निष्पादित किये थे। प्रार्थी बैक द्वारा नियमानुसार ऋण वसूली के लिये आडिनेन्स की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी करना पाया जाता है।

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में उपरोक्तानुसार रहन की गयी सम्पत्ति को प्रार्थी के कब्जे में दिलाये जाने का स्पष्ट प्रावधान है। जो इस प्रकार है:– प्रतिभूति आस्थी का कब्जा लेने में प्रतिभूति लेनदार की सहायता करने के लिये मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जहां किसी प्रतिभूति आस्तियों का कब्जा प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिये जाने की आवश्यकता हो, या यदि किन्ही प्रतिभूत आस्तियों का विक्रय या अन्तरण प्रतिभूत लेनदार द्वारा इस अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत किये जाने की आवश्यकता हो, तो प्रतिभूत लेनदार किसी प्रतिभूत आस्ति के कब्जे या नियंत्रण को लेने के प्रयोजन के लिये, लिखित में मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट को उनकी अधिकारिता के भीतर अनुरोध करेगा, ऐसी कोई प्रतिभूत आस्ति या उससे संबंधित अन्य दस्तावेज स्थित हो सकेगा या पाया जा सकेगा,उसका कब्जा लेने के लिये अनुरोध करेगा,और मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट जो स्थित हो, उसको किये गये उस अनुरोध पर –(क)उस आस्ति और उससे संबंधित दस्तावेजों का कब्जा लेगा, और (ख) प्रतिभूत लेनदार को उन आस्तियों और दस्तावेजों को भेजेगा।

धारा 14 (2) उप धारा (1) के प्रावधानों के साथ अनुपालना को सुनिश्चित करने के प्रयोजन के लिये, मुख्य महानगरीय मजिस्ट्रेट या जिला मजिस्ट्रेट उन कदमो को लेगा या लिवा सकेगा या ऐसा बल प्रयुक्त कर सकेगा जो उसकी राय मे आवश्यक हो सकेगा।

उपरोक्त प्रावधानो को दृष्टीगत रखते हुए इस संबंध मे पुलिस इमदाद उपलब्ध कराने हेतु आदेश पारित किया जाना हम उचित समझते हैं । अतः प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। पुलिस अधीक्षक नागौर को निर्देश दिये जाते है कि अप्रार्थी/ऋणी द्वारा प्रार्थी बैंक के पक्ष मे बतौर प्रतिभूति अपने स्वामित्व मे **सम्पति– सम्पति जो पट्टा संख्या 1 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है– उत्तर में– शंकरलाल पुत्र फूलचंद ईनाणी का बाडा, दक्षिण में–स्वंय की जगह, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में– आम रास्ता व डीडवाना रोड, एंव अन्य सम्पति जो पट्टा संख्या 2 बुक संख्या 48 जो ग्राम रोल जिला नागौर पर स्थित है, जो 2500 वर्गफुट है तथा जायगा व उसमें स्थित सम्पति जिसमें भूमि, भवन व ढांचा आदि सभी जो सम्पति के अभिन्न अंग है, जो पुखराज द्वारा धारित है। जिसके पडौस निम्न है–उत्तर में–स्वंय की जगह, दक्षिण में–गोपाराम पुत्र फताराम का बाडा, पूर्व में–कांसोलाव तालाब का अंगोर, पश्चिम में–आम रास्ता व डीडवाना रोड,** जो प्रार्थी बैक के पास हाईपोथीकेटेड है, को प्रार्थी बैक के हक मे बंधक किया था तथा बंधक विलेख निष्पादित किया था, के संबंध मे संबधित थानाधिकारी, पुलिस थाना को निर्देशित करे कि वे उक्त संपति का कब्जा व उससे संबंधित अन्य कोई दस्तावेज अप्रार्थी के कब्जे मे हो तो उन दस्तावेजो को प्रार्थी को संभलाने हेतु मौके पर जाकर विधि सम्मत कार्यवाही करें।

आदेश सुनाया गया।

**(डॉ0 अमित यादव)**
**जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट**
जिला मजिस्ट्रेट
नागौर